Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**Series SHC**

**Code No. / कोड नं. 98**

- Please check that this question paper contains 4 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the condidate.
- Please check that this question paper contains 24 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# ENTREPRENEURSHIP
# उद्यमिता

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 70*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 70*

***General Instructions :***

*(i)* ***All** the questions are compulsory,*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Question Nos. **1** to **5** are very short answer questions carrying **1** mark each. Answer to each of these should not exceed **15** words.*

*(iv)* *Question Nos. **6** to **10** are short answer questions carrying **2** marks each. Answer to each of these should not exceed **50** words.*

*(v)* *Question Nos. **11** to **17** are short answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these should not exceed **75** words.*

*(vi)* *Question Nos. **18** to **21** are short answer questions carrying **4** marks each. Answer to each of these should not exceed **150** words.*

*(vii)* *Question Nos. **22** to **24** are long answer questions carrying **6** marks each. Answer to each of these should not exceed **250** words.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **5** अति लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **15** शब्दों से अधिक न हो।*

(iv) *प्रश्न संख्या **6** से **10** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। उनमें प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो।*

(v) *प्रश्न संख्या **11** से **17** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **75** शब्दों से अधिक न हो।*

(vi) *प्रश्न संख्या **18** से **21** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो।*

(vii) *प्रश्न संख्या **22** से **24** दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। इनमें प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इनमें से प्रत्येक का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*

**1.** State the two key behavioural characteristics of an entrepreneur. 1
एक उद्यमी के दो मुख्य व्यवहारात्मक लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

**2.** Name the environmental factor which relates to welfare and safety of employees. 1
वातावरण के उस घटक का नाम बताइए जो कर्मचारियों के कल्याण तथा सुरक्षा से सम्बन्धित है।

**3.** List any two marketing functions under the head 'Physical supply'. 1
'भौतिक पूर्ति' शीर्षक के अन्तर्गत किन्हीं दो विपणन कार्यों की सूची बनाइए।

**4.** Name the products which are sold to other firms for their production purposes. Give any one example of such products. 1
उन उत्पादों के नाम बताइए जो अन्य फर्मों को उत्पादन के उद्देश्यों से विक्रय किए जाते हैं। इन उत्पादों का कोई एक उदाहरण दीजिए।

**5.** For which type of products can the manufacturer initially fix a very high price? Name the pricing-method which is used for such type of products. 1
किस प्रकार के उत्पादों के लिए निर्माणकर्ता प्रारम्भ में बहुत ऊँचा मूल्य निश्चित कर सकते हैं ? इस प्रकार के उत्पादों के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली मूल्य-निर्धारण-विधि का नाम बताइए।

**6.** Why is a Project report required ? Explain briefly. 2
एक परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट) की आवश्यकता क्यों होती है ? संक्षेप में समझाइए।

**7.** Explain 'Market Survey and Analysis' as a feature of a feasibility plan. 2
'बाजार सर्वेक्षण एवं विश्लेषण' को सम्भाव्यता योजना की विशेषता के रूप में समझाइए।

**8.** Define a Planning paradigm. 2
एक नियोजन रूपावली को परिभाषित कीजिए।

**9.** Why is inventory control essential for an entrepreneur ? Give any two reasons. 2
एक उद्यमी के लिए स्कन्ध नियन्त्रण आवश्यक क्यों है ? कोई दो कारण दीजिए।

**10.** Name and explain the idea field which deals with providing a new technique of teaching. 2
अध्यापन की एक नई तकनीक उपलब्ध कराने से सम्बन्धित विचार-क्षेत्र का नाम बताते हुए उसे समझाइए।

11. Explain in brief any three types of resources that have to be considered by an entrepreneur while setting up a small-scale enterprise. 3

एक लघु पैमाने के उद्यम की स्थापना करते समय एक उद्यमी द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं तीन प्रकार के संसाधनों को संक्षेप में समझाइए।

12. Explain 'ability to perceive and preserve basic ideas' as a factor in the process of sensing opportunities. 3

'मूल विचारों का अनुभव करने और उन्हें सुरक्षित रखने की योग्यता' को सुअवसरों के आभास की प्रक्रिया के एक घटक के रूप में समझाइए।

13. List the three basic qualities that a good entrepreneur should have. 3

एक अच्छे उद्यमी के तीन आधारभूत गुणों की सूची बनाइए।

14. Explain with the help of an example, how does an entrepreneur assess the requirements of working capital. 3

एक उदाहरण की सहायता से समझाइए कि एक उद्यमी कार्यशील पूँजी की आवश्यकताओं का निर्धारण किस प्रकार करता है।

15. List any six factors that should be kept in mind by an entrepreneur as a part of production plan. 3

उत्पादन योजना के एक भाग के रूप में एक उद्यमी द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं छः घटकों की सूची बनाइए।

16. Explain 'Distribution Mix' as an element of 'Marketing Mix'. 3

'विपणन मिश्र' के एक तत्त्व के रूप में 'वितरण मिश्र' को समझाइए।

17. Explain the role of 'financial planning" in 'financial management'. 3

'वित्तीय प्रबन्ध' में 'वित्तीय योजना' की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

18. Explain 'Demand Driven Ideas' and 'Trading Related Ideas' as idea fields. 3

विचार-क्षेत्रों के रूप में 'माँग से प्रभावित विचार' तथा 'व्यापार-सम्बन्धित विचारों' की व्याख्या कीजिए।

19. Name and explain the concept which states that at a particular volume of production a firm neither makes a profit nor a loss. 4

उस अवधारणा का नाम बताते हुए उसे समझाइए जो यह बताता है कि उत्पादन के एक निश्चित स्तर पर एक फर्म को न लाभ होता है और न हानि।

20. State any four disadvantages of issuing equity shares. 4

समता अंश निर्गमित करने के किन्हीं चार दोषों का उल्लेख कीजिए।

21. Explain any two growth sustaining activities of an enterprise. 4

एक उद्यम की संवृद्धि को बनाए रखने वाली किन्हीं दो क्रियाओं को समझाइए।

22. Explain any six steps which help in identifying a feasible product or process. 6

**OR**

Explain the practical steps involved in setting up a Small-Scale Enterprise at Stage-II.

एक सम्भाव्य उत्पाद या प्रक्रिया की पहचान करने में सहायता प्रदान करने वाले किन्हीं छः चरणों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

स्तर-II पर एक लघु पैमाने के उद्यम को स्थापित करने से सम्बन्धित व्यावहारिक कदमों को समझाइए।

**23.** What is a 'Project Report' ? State any four elements of a Project Report. 6

**OR**

Give the uses of a Project Report

(i) For the entrepreneurs,

(ii) For financial institutions, and

(iii) For the Government.

एक 'परियोजना प्रतिवेदन' (रिपोर्ट) क्या है? एक परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट) के किन्हीं चार तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

(i) उद्यमियों के लिए,

(ii) वित्तीय संस्थाओं के लिए, तथा

(iii) सरकार के लिए

परियोजना प्रतिवेदन (रिपोर्ट) के उपयोग बताइए।

**24.** Harish received an order amounting to Rs. 50,000 for supplying 250 readymade shirts within two months. He took Rs. 25,000 advance from the buyer.

Name and explain the source of finance Harish is using. Also explain two other sources of finance he can avail in the same category of sources of finance. 6

**OR**

Anita wants to buy raw materials from Vinita for her toy factory. She wants that Vinita should take payment after three months. As per the prevailing practice in this industry she can make payments within six months.

Name and explain the source of finance which Anita wants to use. Also explain two other sources of finance she can have for availing this facility.

हरीश को 50,000 रु. का एक आदेश मिला जिसमें उसे दो महीने के अन्दर 250 सिली-सिलाई कमीज़ों की पूर्ति करनी थी। उसने खरीददार से 25,000 रु. अग्रिम लिए।

हरीश जिस वित्तीय स्रोत का उपयोग कर रहा है उसका नाम बताते हुए उसे समझाइए। इसी वर्ग के वित्तीय स्रोत के अन्तर्गत उसके द्वारा उपयोग किए जा सकने वाले दो अन्य स्रोतों को भी समझाइए।

**अथवा**

अनीता अपनी खिलौना फैक्टी के लिए विनीता से कच्चा माल खरीदना चाहती है। वह चाहती है कि विनीता इसका भुगतान तीन महीने के बाद ले। उद्योग में प्रचलित प्रथा के अनुसार वह छः महीने के अंदर यह भुगतान कर सकती है।

उस वित्तीय स्रोत का नाम बताते हुए उसे समझाइए जिसका प्रयोग अनीता करना चाहती है। इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए वह जिन अन्य दो वित्तीय स्रोतों का उपयोग कर सकती है उन्हें भी समझाइए।